# अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह (मुरैना) (म.प्र.)

## विद्यापरिषद की बैठक

बैठक दिनांक : **20.12.2024**

समय – **प्रात–11:00 बजे**

स्थान – **लैंगवेज लैव, स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह**

आज दिनांक **20.12.2024** को प्रातः **11:00 बजे "स्वशासी विद्यापरिषद"** स्नातकोत्तर **"महाविद्यालय विद्यापरिषद"** अम्बाह की **36वीं** बैठक **प्रो. विश्वास मेढ़ेकर–प्राचार्य** की अध्यक्षता में **कक्ष क्र. 35 लैंगवेज लैब** में सम्पन्न हुई जिसमें विद्यापरिषद के समस्त पंजीकृत सदस्य एवं गतिविधि प्रभारी उपस्थित हुऐ। बैठक में सर्वप्रथम डॉ. दिनेश रावत–सह. सचिव विद्यापरिषद द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों का शाब्दिक स्वागत किया गया। ततपश्चात् श्रीमान् अध्यक्ष महोदय (प्राचार्य) की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बैठक मे पारित ठहरावों का विवरण निम्न प्रकार है।:–

1. विद्यापरिषद की गत बैठक **दिनांक 16.12.2023** की मिनिट्स पुष्टि हेतु रखी गई जिसकी पुष्टि की गई।

2. सत्र 2024–25 हेतु स्वशासी अध्ययन मण्डलों द्वारा प्रस्तावित विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम पुष्टि हेतु समिति में रखे गये, जिनकी पुष्टि की गई।

3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विधार्थियों हेतु इंटर्नशिप/एप्रैन्टशिप/प्रोजेक्ट वर्क/कम्मुनिटी डवलपमेंट प्रोग्राम एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम की जानकारी डॉ. दिनेश रावत ने समिति में रखी गई, जिसकी पुष्टि की गई।

4. परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजकुमार सिंह तोमर द्वारा सत्र 2023–24 के परीक्षा परिणाम तथा वर्तमान सत्र की परीक्षा योजना की जानकारी समिति में पुष्टि हेतु रखी गई, जिसकी पुष्टि की गई। यह कार्य गाइड़लाईन के अनुसार कराया जावें।

5. **प्राचार्य महोदय प्रो. विश्वास मेढ़ेकर** द्वारा वर्तमान सत्र के सुचार संचालन हेतु विभिन्न गठित समितियों, प्रवेश नियमों तथा शैक्षणिक कलैन्डर की जानकारी पुष्टि हेतु समिति में प्रस्तुत की जिनकी पुष्टि की गई।

D GB_Meeting mnits_jan08 Page No.414

6. चीफ प्रॉक्टर द्वारा अनुशासन समिति का प्रतिवेदन पुष्टि हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसकी पुष्टि की गई।

7. **क्रीड़ा अधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह गुर्जर** द्वारा क्रीड़ा एवं खेलकूद की जानकारी का प्रतिवेदन समिति में पुष्टि हेतु प्रस्तुत किया, जिनकी पुष्टि की गई।

8. एन.सी.सी. अधिकारी द्वारा एन.सी.सी. की गतिविधियों का प्रतिवेदन पुष्टि हेतु समिति में रखा, जिनकी पुष्टि की गई। एन.सी.सी. अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार शर्मा एवं लेफ्टिनेंट मन्जू तोमर के रेंक प्रमोशन की जानकारी रखी गयी।

9. कार्यक्रम अधिकारी द्वारा एन.एस.एस. की गतिविधियों का प्रतिवेदन समिति में पुष्टि हेतु रखा गया जिसकी पुष्टि की गई।

10. **डॉ. शशि वल्लभ शर्मा**–सांस्कृतिक परामर्शदाता द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रतिवेदन पुष्टि हेतु समिति में प्रस्तुत किया, जिसकी पुष्टि की गई। महाविद्यालय की छात्रा नीतू माहौर के रंगोली में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किए जाने की जानकारी दी गयी।

11. **रैडक्रॉस अधिकारी–श्री मुकेश श्रीवास** द्वारा रैडक्रास की गतिविधियों का प्रतिवेदन समिति की पुष्टि हेतु प्रेषित किया गया, जिसकी पुष्टि की गई।

12. गाँव की बेटी योजना का प्रतिवेदन पुष्टि हेतु समिति में प्रस्तुत किया, जिसकी पुष्टि की गई।

13. म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय अध्ययन केन्द्र (बहु) का प्रतिवेदन **डॉ. बी.एम. वंसल** द्वारा समिति में प्रस्तुत किया, जिसकी पुष्टि की गई।

14. मुख्यमंत्री मेधावी योजना एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना–छात्रवृत्ति का प्रतिवेदन प्रभारी **डॉ. रमाकान्त शर्मा** द्वारा समिति मे प्रस्तुत किया, जिसकी पुष्टि की गई।

15. नेशनल स्कॉलरशिप योजना एवं शोध कार्य योजना की जानकारी का प्रतिवेदन प्रभारी **डॉ. राजकुमार सिंह तोमर** द्वारा समिति प्रस्तुत में किया, जिसकी पुष्टि की गई। इसके साथ ही शोध संबंधी जानकारी की भी पुष्टि की गई।

16. इन्सपायर अवार्ड स्कॉलरशिप योजना की जानकारी का प्रतिवेदन **डॉ. दिनेश कुमार शर्मा** द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसकी पुष्टि की गई।

17. **श्री अशोक सिंह तोमर–पुस्तकालय प्रभारी** द्वारा पुस्तकालय का प्रतिवेदन समिति में पुष्टि हेतु प्रस्तुत किया, जिसकी पुष्टि की गई।

18. **अन्य विषय–श्री अध्यक्ष महोदय की अनुमति से–**

(अ) हिन्दी, भूगोल, राजनीति शास्त्र तथा कम्प्यूटर विभाग द्वारा इस सत्र मे प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम आरम्भ किए जाने की जानकारी दी गयी जिसके सम्बन्ध में सचिव, विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त पाठ्यक्रम को अध्ययन मण्डल में पारित कराकर आरम्भ करने का सुझाव दिया तथा **डॉ. व्ही.के. जैन** द्वारा रसायन विभाग एवं गणित विभाग में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम के विधिवत् संचालन की जानकारी दी गयी।

(ब) **डॉ. व्ही.के. जैन, सचिव विद्या परिषद** द्वारा माह जनवरी 2024 में नैक (NAAC) निरीक्षण के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने की जानकारी दी गयी तथा महाविद्यालय को ''B'' ग्रेड CGPA 2.16 अंक प्राप्त होने की जानकारी दी गयी।

(स) **श्रीमान् अध्यक्ष महोदय, शासी निकाय** द्वारा IQAC के पुर्नगठन हेतु प्राप्त आदेश के परिपालनार्थ IQAC के पुर्नगठन की जानकारी डॉ. व्ही.के. जैन द्वारा दी गयी जिसमें **डॉ. दिवाकर श्रोत्रिय** के साथ सहायक के रूप में **श्री दिवाकर शर्मा** एवं **डॉ. शशिबल्लभ शर्मा** कार्य करेंगे।

अन्त में प्राचार्य / अध्यक्ष, विद्या परिषद प्रो. विश्वास मेढ़ेकर द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया, तदोपरान्त सभी को अपनी शुभकामनाऐं प्रस्तुत की। डॉ. व्ही. के. जैन सचिव–विद्यापरिषद द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर समिति की कार्यवाही समाप्त की गई।

| | |
|---|---|
| हस्ताक्षर | हस्ताक्षर |
| **(प्रो. विश्वास मेढ़ेकर)** | **(डॉ. व्ही.के. जैन)** |
| अध्यक्ष–विद्यापरिषद | सचिव–विद्यापरिषद |
| प्राचार्य–महाविद्यालय, अम्बाह | प्राचार्य–महाविद्यालय, अम्बाह |

D:GB Meeting minits jan08\Page No 416